सुरक्षा

NSW नागरिक और प्रशासनीय ट्रिब्यूनल (NSW Civil and Administrative Tribunal, NCAT) का लक्ष्य एक ऐसा परिवेश प्रदान करना है जहाँ सभी सहभागी हमारे सुनवाई कक्षों और इमारतों में सुरक्षित महसूस करें।

Court Security Act 2005 अदालतों और ट्रिब्यूनलों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है। इस अधिनियम के अधीन सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिए कानूनी निर्देशों का अनुपालन न करना एक अपराध हो सकता है।

स्कैन करने की कार्यविधियाँ

NCAT के कुछ सुनवाई स्थलों पर प्रवेश द्वार पर एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा होती है।

यदि आप NCAT के एक ऐसे परिवेश में भाग ले रहे/रही हैं जहाँ सुरक्षा जांच की जाती है तो:

- अपना सभी सामान कन्वेयर बेल्ट पर रखें ताकि यह स्कैनर से निकल सके।
- वॉक-थ्रू मेटल डिटेक्टर से गुजर कर जाएँ।
- हो सकता है कि हाथ में पकड़े जाने वाले मेटल डिटेक्टर से भी आपका स्कैन किया जाए।

NCAT के अन्य स्थानों पर समय-समय पर अस्थायी और बेतरतीब ढंग से स्कैनिंग कार्य होते हैं।

अनाधिकृत वस्तुएँ

निम्नलिखित वस्तुएँ NCAT के परिवेश में नहीं लाई जानी चाहिए।

वर्जित वस्तुएँ

- बंदूक आदि
- चाकू-छुरियाँ
- वर्जित हथियार
- गैर-कानूनी नशीले पदार्थ

संभावित तौर पर खतरनाक या डराने-धमकाने वाली वस्तुएँ

- उपकरण जैसे कि पेचकश, हथकल और हथौड़े
- कैंचियाँ और अन्य नुकीली वस्तुएँ
- शीशे की पानी की बोतलें या शीशे के अन्य कंटेनर
- मोटरसाइकल हैलमेट
- ऐसे सरिंज जिनका प्रयोग करने का आपको चिकित्सीय अधिकार नहीं है

NCAT के परिवेश में वर्जित वस्तुएँ लाना एक अपराध है। वर्जित वस्तुओं को जब्त कर लिया जाएगा और पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

हो सकता है कि सुरक्षा अधिकारी ऐसी वस्तुओं को अपने पास रख लें जो संभावित तौर पर खतरनाक या डराने-धमकाने वाली माना जाती हो। । परिवेश से जाने से पहले ये वस्तुएँ आपको वापिस कर दी जाएँगी।

NCAT में भाग लेने वाले लोगों को NCAT के परिवेश में शराब ले जाने की भी अनुमति नहीं है।

सुरक्षा धमकियाँ

औज़ारों, विस्फोटकों या नुकसान या क्षति पहुँचाने के इरादों से सम्बन्धित धमकियों या टिप्पणियों को गंभीरता से लिया जाता है। इमारत में प्रवेश देने से इंकार किया जा सकता है और पुलिस को बुलाया जा सकता है।

आम सवाल

क्या यह ज़रूरी है कि मुझे स्कैन किया जाएगा?

हाँ, यदि आप सुरक्षा स्कैनिंग वाले NCAT परिवेश में भाग ले रहे/रही हैं। NCAT के सभी परिवेशों में प्रवेश करने की यह शर्त है कि सुरक्षा प्रबंधों का अनुपालन किया जाए।

यदि मेरा कोई शारीरिक या चिकित्सीय कारण है जो मुझे स्कैन किए जाने से रोकता है तो क्या होता है?

यदि विकलाँगता या मेडिकल इमप्लाँट के कारण आपका स्कैन नहीं किया जा सकता है, तो सुरक्षा अधिकारी को बताएँ। वह तलाशी करने के वैकल्पिक तरीके का प्रयोग करके सहायता करेंगे।

सुरक्षा अधिकारी ऐसे तरीकों से तलाशी लेने में प्रशिक्षित होते हैं जो आपकी गोपनीयता और गरिमा का संरक्षण करते हैं।

क्या एक्स-रे मशीन मेरी संपत्ति को संदूषित करेगी या नुकसान पहुँचाएगी?

नहीं। एक्स-रे मशीनों का नियमित तौर पर रखरखाव किया जाता है। इनका कोई भी एक्सपोज़र अनुमति प्राप्त कानूनी सीमाओं के काफी अंदर होता है। मशीनों से निकलने वाले एक्स-रे रेडियोएक्टिव नहीं होते हैं। इससे भोजन पदार्थों और दवाईयों या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य सामग्रियों में प्रतिक्रिया नहीं होती है।

क्या सुरक्षा कार्यविधियों से विलंब होगा?

NCAT के परिवेशों में प्रवेश करने के लिए आपके लिए यह आवश्यक है कि आप सुरक्षा कार्यविधियों का अनुपालन करें। संभावित विलंबों को कम करने के लिए, जल्दी आएँ और आप अपने साथ जो वस्तुएँ ला रहे/रही हैं उनके बारे में ध्यानपूर्वक सोचें।